Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Yadav Shri Mitrasen

>

Title : Need to expedite repair and four laning work of National Highway No. 28 between Rudauli and Basti in Uttar Pradesh.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों लखनऊ-फैजाबाद-गोरखपुर से होकर गुजरने वाली राट्रीय राजमार्ग संख्या 28 एक महत्वपूर्ण राजपथ है। विगत र्वा भारी र्वाा के कारण इस राजमार्ग का रूदौली-फैजाबाद-अयोध्या-बस्ती के बीच का पथांश काफी क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो गया था। इस राट्रीय राजमार्ग की महत्ता को देखते हुए सरकार ने इस राजमार्ग को विस्तारित कर चार लेन का बनाने की योजना बनायी है, तथा हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। लेकिन इसके मरम्मती एवं ि वस्तारीकरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। यदि आगामी बरसात के पूर्व इस राजमार्ग का मरम्मतीकरण नहीं किया गया तो इस पर आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो जायेगा।

अतः मैं चाहूंगा कि लोकहित में इस अति महत्वपूर्ण राट्रीय राजमार्ग संख्या 28 का मरम्मती एवं चार लेन में विस्तारीकरण-कार्य, जो धीमी गति से चल रहा है, उसमें गति लाने के आलोक में सरकार सकारात्मक पहल करने की कृपा करे।